पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

अपने भविष्य का लक्ष्य पहले से निर्धारित करें - राज्यपाल

लखनऊः 27 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज क्राइस्ट चर्च कालेज, लखनऊ के वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी वर्ग एवं समाज को साथ लेकर चलेंगे तो देश आगे बढेगा। विद्यालय द्वारा प्रस्तुत नृत्य गायन में देशभक्ति के भाव हैं जो हमें साथ लेकर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि देश की एकता और सौहाद्र को बनाये रखने का संकल्प लें।

श्री नाईक ने बच्चों से यह भी कहा कि अपने भविष्य का लक्ष्य पहले से निर्धारित करें। कालेज आपके भावी जीवन की नींव डालता है। पूर्व राष्ट्रपति स्व0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कहा करते थे कि खुली आंखों से सपने देखों और उन्हें पूरा करने के लिए कठोर परिश्रम करो। बच्चों को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बच्चों की उन्नति से परिवार, स्कूल, शहर, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन होगा। केवल किताबी कीड़ा न बने बल्कि अन्य व्यक्तित्व विकास की गतिविधियों में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि अपने विचारों को आकार देने के लिए कड़ा परिश्रम करें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर सभी को प्रभु यीशू के जन्म दिवस क्रिसमस एवं आने वाले नये साल की अग्रिम बधाई भी दी। समारोह में लखनऊ के महापौर डाॅ0 दिनेश शर्मा, बिशप पीटर बलदेव जी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें एवं अभिभावकगण उपस्थित थें। समारोह में बच्चों ने मनमोहन नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

UNITY IN DIVERSITY

UNITY IN DIVERSITY